केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 333 गुरूवार 27 जून 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

एक नजर

## प्रयागराज में मालगाडी के कई डिब्बे पटरी से उतरे



**प्रयागराज (आभा)।** दिल्ली–हावड़ा रूट पर प्रयागराज जंक्शन के पास बुधवार शाम एक मालगाड़ी डिरेल हो गई। मालगाड़ी के तीन वैगन पटरी से नीचे उतर गए। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी कानपुर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जा रही थी। उधर, डाउन ट्रैक पर हुई इस घटना के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कंट्रोल रूम के जरिए हावड़ा–दिल्ली के रूट की ट्रेनों को रोक दिया गया।

मालगाड़ी की डिरेल की सूचना मिलने पर आला अधिकारी, तकनीकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत बचाव काम में जुट गए। जानकारी के मुताबिक गैस किट की मदद से पटरी से उतरे वैगनों को काटकर अलग किया गया। एक हिस्से को प्रयागराज जबकि दूसरे को छिवकी की ओर भेजा गया। उधर, गोरखपुर वंदेभारत एक्सप्रेस को दूसरी लाइन से पास दिया गया। इस मामले में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर राहत बचाव टीम पहुंच गई। दिल्ली–हावड़ा रूट के डाउन ट्रैक पर हुए इस हादसे में किसी प्रकार की कोई हताहत की बात सामने नहीं आई है।

उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, ‘आज प्रयागराज में खाली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस घटना के कारण बाधित रेल मार्ग को साफ किया जा रहा है।

## सभी विकास खण्डों में मिलेगा एक एफपीओ का लाइसेंस

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती मण्डल के जनपदों मे समेकित कृषि वृद्धि प्राप्त करने हेतु कृषक उत्पादक संगठनों (एफ0पी0ओं0) का प्रमोशन, सुदृढीकरण तथा वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से कृषि इनपुट–उर्वरक, बीज, कृषि रक्षा रसायनो का लाइसेन्स, मण्डी लाइसेन्स, जी0एस0टी0 लाइसेन्स, प्रसंस्कृत/मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री हेतु एफ0एस0एस0आई0 लाईसेन्स एवं मार्केट लिंकेज हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 01 एफ0पी0ओं0 को लाईसेन्स से संतृप्त किया जायेगा।

## रोजगार मेला 29 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय– एमसीसी, राजकीय आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन आगामी 29 जून पूर्वान्ह 10 बजे से राम राज बलराजी देवी इंटर कॉलेज स्थित कौशल विकास मिशन केन्द्र चिलमा बाजार बस्ती में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि अन्तिम वर्ष के शिक्षणरत केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए भारत शीट लिमिटेड (मारूती ज्वाइंट वेन्चर कम्पनी), (थर्ड पार्टी पेरोल) में जाब लोकेशन–गुजरात व अहमदाबाद द्वारा 250 रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा।

# ओम बिरला ने संसद में आपात काल पर रखवाया मौन: भड़का विपक्ष





**नई दिल्ली (आभा)।** ओम बिरला एक बार फिर लोकसभा अध्यक्ष बन गए हैं। पद संभालते ही उन्होंने साल 1975 के आपातकाल का जिक्र कर दिया। साथ ही उन्होंने कह दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रवैये को भी लोकतंत्र विरोधी करार दे दिया। बुधवार को विपक्ष भड़क गया और जमकर हंगामा किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन को स्थगित कर दिया गया है।

बुधवार को संसद में मौन रखा गया। बिरला ने कहा, ‘इमरजेंसी ने भारत के कितने ही नागरिकों का जीवन तबाह कर दिया था, कितने ही लोगों की मृत्यु हो गई थी। इमरजेंसी के उस काले कालखंड में, कांग्रेस की तानाशाह सरकार के हाथों अपनी जान गंवाने वाले भारत के ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और देश से प्रेम करने वाले नागरिकों की स्मृति में हम दो मिनट का मौन रखते हैं।’

इसके बाद सत्तापक्ष के सदस्यों ने कुछ देर मौन रखा, हालांकि इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और टोकाटाकी जारी रखी। मौन रखने वाले सदस्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य और सत्तापक्ष के अन्य सांसद शामिल रहे।

उन्होंने कहा, ‘1975 में आज के ही दिन तब की कैबिनेट ने इमरजेंसी का पोस्ट–फैक्टो रेटिफिकेशन किया था, इस तानाशाही और असंवैधानिक निर्णय पर मुहर लगाई थी। इसलिए अपनी संसदीय प्रणाली और अनगिनत बलिदानों के बाद मिली इस दूसरी आजादी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए, आज ये प्रस्ताव पास किया जाना आवश्यक है। हम ये भी मानते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के इस काले अध्याय के बारे में जरूर जानना चाहिए।’

स्पीकर ने कहा, 1975 से 1977 का वो काला कालखंड अपने आप में एक ऐसा कालखंड है, जो हमें संविधान के सिद्धांतों, संघीय ढांचे और न्यायिक स्वतंत्रता के महत्व की याद दिलाता है। ये कालखंड हमें याद दिलाता है कि कैसे उस समय इन सभी पर हमला किया गया और क्यों इनकी रक्षा आवश्यक है।’ उन्होंने कहा, ‘इमरजेंसी के दौरान लोगों को कांग्रेस सरकार द्वारा जबरन थोपी गई अनिवार्य नसबंदी का, शहरों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई मनमानी का और सरकार की कुनीतियों का प्रहार झेलना पड़ा। ये सदन उन सभी लोगों के प्रति संवेदना जताना चाहता है।’

बिरला ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के भी लोकतंत्र विरोधी होने का दावा किया। उन्होंने कहा, ‘इतना ही नहीं, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमिटेड ब्यूरोक्रेसी और कमिटेड ज्यूडिशियरी की भी बात कही, जो कि उनकी लोकतंत्र विरोधी रवैये का एक उदाहरण है। इमरजेंसी अपने साथ ऐसी असामाजिक और तानाशाही की भावना से भरी भयंकर कुरीतियां लेकर आई, जिसने गरीबों, दलितों और वंचितों का जीवन तबाह कर दिया।

## बस्ती के नवागत जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने सभाला कार्यभार




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रवीश गुप्ता ने बस्ती में बुधवार देर शाम को जिलाधिकारी पद का कार्यभार ग्रहण किया। वे उत्तर प्रदेश स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन के विशेष सचिव पद पर लखनऊ में कार्यरत थे। सर्किट हाउस पहुंचने पर मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पुलिस जवानों द्वारा जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।

उसके पश्चात उन्होंने कोषागार पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने सभी प्रकार के रजिस्टर प्रस्तुत करते हुए आवश्यक जानकारी दिया। अपनी प्राथमिकताओं के संबंध में उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता पर लागू करना है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था एवं जन समस्याओं का निस्तारण पर जोर दिया जाएगा।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, विनोद पांडेय, आशुतोष तिवारी, मनोज प्रकाश, पीडी राजेश झा, डीपीआरओ रतन कुमार, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, सूर्यलाल, बजरंग बली पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अरविन्द केजरीवाल सीबीआई रिमान्ड पर



**नई दिल्ली (आभा)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत ने मामले में केजरीवाल की पांच दिन की सीबीआई की हिरासत की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत की मांग की थी।

अदालत ने फैसले में कहा–सीबीआई के आवेदन को तीन दिन के लिए अनुमति दी जाती है। केजरीवाल को बुधवार को तिहाड़ जेल से कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार करने की अर्जी दी। इसे अदालत ने मंजूर कर लिया। केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने अदालत से कहा कि सीबीआई सूत्रों के हवाले से मीडिया में दिखाया जा रहा है कि मैंने पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया दोषी हैं या कोई और दोषी है। मैंने कहा है कि सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के साथ मैं भी निर्दोष हूं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई इस मामले को सनसनीखेज बना रही है।

इस पर अदालत ने कहा कि मीडिया किसी सुर्खी को प्रमुखता देती है। उसको इस मामले में नियंत्रित करना बहुत ही मुश्किल है। वहीं सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत मांग वाली अर्जी में कहा कि मामले में साजिश का पता लगाने के लिए अरविंद केजरीवाल से पूछताछ जरूरी है। इस मामले में केजरीवाल का सबूतों और मामले के अन्य आरोपियों से आमना–सामना कराए जाने की जरूरत है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई से यह भी पूछ लिया कि केजरीवाल को अब गिरफ्तार क्यों किया जा रहा है। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा कि एजेंसी ने चुनाव के दौरान ऐसा करने से परहेज किया। केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर अदालत में भी मामला लंबित था। चुनाव के दौरान एजेंसी का यह संयम दर्शाता है कि उन्हें तब गिरफ्तार नहीं किया गया जब वह चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

वहीं केजरीवाल के वकील ने सीबीआई की हिरासत लेने की अर्जी को संदिग्ध करार दिया। उन्होंने कहा कि बेवजह द्वेषपूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं। यह शक्ति के दुरुपयोग है। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट में वापस ले ली। केजरीवाल की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट ने चूंकि विस्तृत आदेश पारित किया है इसलिए हम ठोस अपील दाखिल करेंगे।

## संकल्पों के साथ मनाया गया कबीर साहित्य सेवा संस्थान का बारहवां स्थापना दिवस




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कबीर साहित्य सेवा संस्थान का बारहवां स्थापना दिवस बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बी.एन. शुक्ल की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सामईन फारूकी ने कहा कि पिछले 12 वर्षो में संस्थान की ओर से सृजन के अनेक कार्य किये गये, भविष्य में इसका विस्तार किया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि कबीर साहित्य सेवा संस्थान महात्मा कबीर से प्रेरणा लेकर जन–जन को एकजुट करने का जो प्रयास कर रहा है वह आज की प्रमुख आवश्यकता है।

वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि समाज की विकास यात्रा में संस्थानों का विशेष महत्व है। कबीर साहित्य सेवा संस्थान निरन्तर सक्रिय है और गंगा जमुनी तहजीब को समृद्ध करने में निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं जो आज की आवश्यकता है। कहा कि आज जब जाति, धर्म, मजहब के नाम पर आये दिन इंसानियत लहूलुहान हो रही है ऐसे संस्थानों का महत्व बढ गया है जो विषम परिवेश में कौमी एकता की अलख जगा रहे हैं।

कबीर साहित्य सेवा संस्थान के बारहवे स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बी.के. मिश्र, पं. चन्द्रबली मिश्र, बाबूराम वर्मा आदि ने कहा कि समाज में वैमनस्यता दूर करने की दिशा में किये जा रहे प्रयास स्वागत योग्य है। दीपक सिंह प्रेमी, आादित्य राज आंशिक, ओम प्रकाश पाण्डेय, ओम प्रकाश धर द्विवेदी आदि ने कहा कि कबीर के पथ पर चलना सहज नहीं है फिर भी हमें इसी समन्वय का मार्ग चुनना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्र मोहन लाल श्रीवास्तव, माधुरी गुप्ता, दुर्गा प्रसाद मिश्र, गणेश मौर्य, दीनानाथ यादव, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, लालजी पाण्डेय, नेबूलाल चौधरी आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के अध्यक्ष सामईन फारूकी ने उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन किया।

## पैमाइश के दौरान मारपीट, दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुण्डेरवा निवासी कुमकुम पत्नी राम औतार ने अवैध कब्जा हटाये जाने हेतु पैमाइश के दौरान हुये मारपीट के मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय की गुहार लगाया है।

एसपी को दिये पत्र में कुमकुम ने कहा है कि उसके गांव के गाटा संख्या 67 जो गड्ढा, गडही के नाम पर दर्ज है पर गांव के ही कई लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उसके देवर कृष्णा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत किया। गत 24 जून को हल्का लेखपाल सन्तोष सिंह अपने सहयोगी को लेकर पैमाइश शुरू किया। इस दौरान प्रेमचन्द्र व विनोद पुत्र गनपत, बिन्दु पत्नी प्रेमचन्द्र, आशा पत्नी विनोद, आदित्य पुत्र प्रेमचन्द्र और संगीता पत्नी रामकरन आदि ने लेखपाल को पैमाइश करने से रोक दिया और कुमकुम को भद्दी–भद्दी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दिया। गला दबाकर उसके हत्या का प्रयास किया गया। चीख सुनकर उसका देवर कृष्णा मौके पर पहुंचा तो उसे भी धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से मारा पीटा। मामले की सूचना 112 पर पुलिस को दिया गया। कुमकुम के अनुसार पुलिस ने न तो चोटों का मुआयना करवाया न ही दोषियों के विरूद्ध मुकदमा ही दर्ज किया। उसने एसपी से मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर समुचित कार्यवाही की जाय।

## प्राथमिकता से हो जन शिकायतों का निस्तारण




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ०प्र० बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल ने विभागवार संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की सर्किट हाउस सभागार में गहन समीक्षा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजना प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि नहरो में पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए, इसमें किसी प्रकार के लापरवाही न बरती जाए। बैठक में चिकित्सा, कृषि, अग्निशमन विभाग के अधिकारी अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है। बैठक में संबंधित अधिकारी, पत्रकारबन्धु एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

बैठक से पहले सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ०प्र० ने विक्रमजोत एवं हर्रैया सीएससी केंद्र का निरीक्षण किया और कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जाए। उन्होने नगर पंचायत हर्रैया का निरीक्षण किया तथा बरसात के पानी से जाम नालियों की साफ–सफाई समय से कराये जाने का निर्देश संबंधित को दिया है, जिससे गंभीर बीमारियों से बचा जा सकें। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जयंती पर याद किये गये छत्रपति साहूजी महाराज, वीपी. सिंह




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बुधवार को सरदार सेना द्वारा प्रेस क्लब सभागार में अध्यक्ष विनय कुमार चौधरी के संयोजन में छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती मनाने के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को उनकी जयंती पर याद किया गया।

सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि छत्रपति साहूजी महाराज उन बहादुर एवं निर्भीक शासकों में शुमार होते हैं, जिन्होंने कुशलता पूर्वक सत्ता संचालन के साथ–साथ समाजसुधारक कार्यों से भी जीवन पर्यंत जुड़े रहे। छत्रपति शाहूजी महाराज ने 1894 से 1922 तक कोल्हापुर में शासन किया. इन 28 सालों में उन्होंने अपने साम्राज्य में कई सामाजिक सुधारों की शुरुआत की. उन्होंने जन–जन को शिक्षित करने का मुहिम चलाया. कई शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

जयन्ती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर वर्मा, सर्वेश चौधरी, शिवशंकर ‘शाका’ आदि ने छत्रपति साहूजी महाराज और पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि शाहूजी ने जाति–धर्म के भेद–भाव एवं अस्पृश्यता को खत्म करने के तमाम प्रयास किए। समाज के निचले वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की शुरुआत की, समाज के हर व्यक्ति को समान दर्जा देने के लिए अछूतों को कुओं–तालाबों जैसी सार्वजनिक उपयोगिताओं के साथ–साथ स्कूलों और अस्पतालों जैसे प्रतिष्ठानों की उपलब्धता कराने के लिए शाही फरमान जारी किया, इसके साथ ही उन्होंने अंतर्जातीय विवाहों को वैध बनाया, और दलितों के उत्थान का प्रयास किया, उन्होंने कई कुप्रथाओं को भी खत्म करवाया। उनके योगदान से प्रेरणा लिये जाने की जरूरत है। जब तक समाज में असमानता, उत्पीड़न है छत्रपति साहूजी महाराज याद किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक मौर्य, अखिलेश प्रजापति, शहजाद अंसारी, अमरजीत चौधरी, प्रशान्त चौधरी, राजकुमार चौधरी, चंदन कुमार, अशोक निषाद, आलोक यादव, सन्तोष कुमार, आकाश कन्नौजया, बसन्त चौधरी, दिवाकर पाल, शक्ति चौधरी, अंकुर पटेल, इरफान अहमद और डा. विनोद चौधरी सरदार सेना में शामिल हुये।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक चौधरी, अशोक चौधरी, राजकुमार पटेल, सफलदीप, विवेक चौधरी, सुनील चौधरी, राजा भैया, इन्द्रसेन, संजय चौधरी, विकास चौधरी, अवधेश कुमार, संदीप चौधरी, सुनील कुमार, राधेश्याम, चन्दन कुमार, अमरजीत चौधरी, प्रिन्स चौधरी, विमल किशोर, विकास, डा. निरंकार चौधरी, डा. सन्तोष यादव, आरिफ अंसारी, शहजाद आलम, डा. विनोद चौधरी, अनिल चौधरी, राजेश कुमार चौधरी, रवि गौतम, दिलीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मनीराम चौधरी, राजेश चौधरी, करन चौधरी, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, नागेन्द्र चौधरी, राजकुमार वर्मा, अजीत चौधरी, अंकुर चौधरी, आशीष कुमार चौधरी, गिरधारी चौधरी, अमित पटेल, अरूण कुमार, सुधाकर पटेल के साथ ही सरदार सेना के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री तक पहुंचा नागरिकों के उत्पीड़न, आर्थिक उगाही का मामला:पूर्व विधायक संजय प्रताप ने किया प्रभावी कार्यवाही की मांग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर रुधौली के तहसील भानपुर में खनन विभाग एवं तहसील प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किसानों एवं आमजमानस प्रताड़ित परेशान किये जाने के मामलों में जांच और दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया है।

पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा है कि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उन्होने नागरिकों ने अगवत कराया कि तहसील–भानपुर के अन्तर्गत रहने वालें किसानों एवं आमजनमास द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए अपने खेत से थोड़ी बहुत मिट्टी निकालकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर खेत, मकान आदि में भरने के लिए ले जाने पर खनन विभाग एवं तहसील प्रशासन के अधिकारियों द्वारा गाली–गलौज, मारा–पीटा जा रहा है। विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में दलालों को पैसे देकर सूचना इक्ट्ठा कराकर भाजपा कार्यकताओं, गरीब किसानों से मोटी रकब वसूली की जा रही है। जिससें क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

इसी कड़ी में उन्होने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि भानपुर तहसील में उपजिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा लड़ाई–झगड़ा, मार–पीट आदि में होने वाले धारा–151 के अन्तर्गत चालान में दोनों पक्षों को बुलाकर जो पक्ष ज्यादा पैसा दे दे रहा है। उस पक्ष के तरफ निर्णय कर 10–15 दिन के लिए जेल भेज दिया जा रहा है। संज्ञान में आया कि है कि लोगों से 20–25 हजार रूपये की वसूली की जा रही है। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी आकोश व्याप्त है। और कर्मचारियों, अधिकारियों के इस कृत्य से सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

उन्होने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि दोनों मामलों की जांच कराककर जनहित में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही आम जन मानस का उत्पीड़न और आर्थिक दोहन रोका जाय।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद 2 पशु तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता–कुशीनगर।** मंगलवार की देर रात तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्राम हफुआ बलिराम रोड पर पोखरे के पास पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हुई। इसमें दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने 20 गोवंशीय पशु, एक ट्रक और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। तरया सुजान पुलिस को मुखबिर से देर इसी रास्ते पशु तस्करों का ट्रक बिहार जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इसके बाद से ही हफुआ बलराम मोड़ पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। देर रात एक ट्रक आता दिखा। पुलिस के रोकने के बाद भी बैरिकेडिंग तोड़ कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर घेर लिया तो पुलिस पर फायरिंग कर तस्कर भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक एक कर दोनों के पैर में गोली लगी और दोनों घायल होकर गिर पड़े। पशु तस्करों की पहचान रामछैल पुत्र नंदलाल निवासी कोपिया थाना बखीरा जनपद संतकबीरनगर और जकरूल अहमद उर्फ नीनक पुत्र तेरई निवासी मोहद्दीपुर थाना खलीलीबाद जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई है। इनके कब्जे से दो तमन्चा 315 बोर, दो खोखा कारतूस बोर 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, 20 गोवंशीय पशु व एक ट्रक बरामद किए गए हैं।

तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, एस एस एस श्यामलाल निषाद, विनय मिश्रा चौकी प्रभारी बहादुरपुर, दरोगा रणविजय सिंह, विमलेश द्विवेदी, प्रशिक्षु दरोगा शुभम वर्मा, हवलदार रमेश चन्द्र यादव, सिपाही अवनीश सिंह, मनोज कुमार, राहुल कन्नौजिया, अतीस कुमार, विवेक सिंह व ब्रिजेश यादव मुठभेड़ में शामिल रहे।

## फिल्मी स्टाइल में बाइक चोरी



**संवाददाता–देवरिया।** एक बैंक के पास खड़ी बाइक फिल्मी स्टाइल में चोरी हो गई। चोरी की ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में हेलमेट पहने दो युवक दिख रहे हैं। दोनों बड़े आराम से बाइक के पास आते हैं, एक युवक वहीं रुकता है जबकि दूसरा रास्ते पर नजर रखता है। बाइक के पास खड़ा युवक सबके सामने बड़े आत्मविश्वास से बाइक स्टार्ट करता है, जैसे बाइक उसी की हो, फिर बाइक लेकर दोनों वहां से निकल जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार देवरिया के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले कौशल यादव चौराहे पर जन सेवा केंद्र चलाते हैं। रोज की तरह बुधवार को भी उन्ह्होंने बैंक ऑफ इंडिया की डुमरी शाखा के पास अपनी बाइक खड़ी की और फिर अपने सेंटर पर चले गए। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि दो युवक हेलमेट पहने सड़क से बाइक की ओर बढ़ते हैं। एक युवक थोड़ी दूर चलकर रुक जाता है और निगरानी करने लगता है। दूसरा युवक बाइक के पास जाता है।

बाइक स्टार्ट करता है और मुड़कर दूसरे युवक के पास चला जाता है। इसके बाद दोनों युवक आराम से बाइक लेकर चले जाते हैं। इस चोरी के बारे में लोगों को जानकारी मिली तो चौराहे पर हड़कंप मच गया। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। रामपुर कारखाना के थानेदार नंदा प्रसाद फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना देखने के बाद पुलिसवाले भी हैरत में आ गए। पुलिसकर्मियों ने वारदात की सूचना उच्च अधिकारियों को देने के बाद छानबीन शुरू कर दी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अहिरौली विकास खण्ड- बनकटी, जनपद- बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **अहिरौली,** विकासखंड **बनकटी** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 30–06–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **अहिरौली,** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 05–07–2024 को अपरान्ह 02:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्ते**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **अहिरौली,** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**आविदा खान**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–अहिरौली
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

**प्रमोद कुमार मिश्र**
सचिव
ग्राम पंचायत–अहिरौली
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

## कार्यालय ग्राम पंचायत हल्लौर नगरा विकास खण्ड- बनकटी, जनपद- बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **हल्लौर नगरा,** विकासखंड **बनकटी** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 30–06–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **हल्लौर नगरा,** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 05–07–2024 को अपरान्ह 01:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्ते**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **हल्लौर नगरा,** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**विन्दू**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत——हल्लौर नगरा
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

**प्रमोद कुमार मिश्र**
सचिव
ग्राम पंचायत–हल्लौर नगरा
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

## कार्यालय ग्राम पंचायत भौरा विकास खण्ड- बनकटी, जनपद- बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **भौरा,** विकासखंड **बनकटी** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 30–06–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **भौरा,** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 05–07–2024 को अपरान्ह 12:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्ते**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **नेकसुही,** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**नीमा चौधरी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–भौरा
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

**प्रमोद कुमार मिश्र**
सचिव
ग्राम पंचायत–भौरा
विकास खण्ड–बनकटी जनपद बस्ती

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिकौरा शुक्ल विकास खण्ड- बनकटी, जनपद- बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **पिकौरा शुक्ल** विकासखंड **बनकटी** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाड़ू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 30–06–2024 से दिनांक 03–07–2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **पिकौरा शुक्ल** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 05–07–2024 को अपरान्ह 11:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्ते**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– घरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **पिकौरा शुक्ल** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
